THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (BANKING, REVENUE AND INSURANCE) (SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

आयकर और सीमा शुल्क कर्मचारियों द्वारा हड़ताल

178. **श्री मुनव्वर हसन:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयकर और सीमा शुल्क कर्मचारियों द्वारा देशव्यापी हड़ताल के क्या करण है;

(ख) क्या सरकार और संघ के बीच कोई समझौता हो गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इस हड़ताल की वजह से कुल कितनी राजस्व हानि हुई है; और

(ङ) सरकार भविष्य में ऐसी हड़ताल की रोकथाम के लिए और राजस्व की हानि की पूर्ति के लिए क्या-क्या कदम उठाने जा रही है?

वित्त मंत्रालय (बैंकिंग, राजस्व तथा बीमा में राज्य मंत्री (श्री कादम्बूर एम० आर० जनार्दनन): (क) आयकर, सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के समूह "ख" और "ग" के कार्यकारी अधिकारी बेहतर वेतनमानों और सेवा शर्तों में कुछ सुधार के लिए अपनी मांगों के समर्थन में दिनांक 10.11.98 से 12.11.98 तक हड़ताल पर गए थे।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) शून्य।

(ङ) सद्भावनापूर्ण और सकारात्मक कार्यकारी संबंध बनाने के उद्देश्य से कर्मचारियों के संघों के प्रतिनिधियों के साथ निरंतर बातचीत की जा रही है।

Incentives to the PAN Holders

179. SHRI RAGHAVJI:
PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some incentives were announced at the time of announcing the Permanent Account Number (PAN) Scheme;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether these incentives have been extended to the PAN holdres; and

(d) whether those who could not apply for PAN by 31st October, 1998 can apply for the same now, and if so, the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (BANKING, REVENUE AND INSURANCE) (SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN): (a) and (b) The Government had announced to introduce a scheme called 'SAMMAN' to demonstrate society's recognition of the important contribution made by tax payers to the national cause. The scheme would outline facilities and recognition to be conferred on the tax payers. A Committee was set up to give a concrete shape to the Samman scheme. The Committee has since submitted its report for the consideration of the Government.

(c) The incentives propsoed in the report of the Committee after they are accepted and finalised by the Government shall be availed by the taxpayers who would also be PAN holders as taxpayers are statutorily required to apply for PAN.

(d) Tax payers who were required to file the application for allotment of PAN by a specified date and have not done so can file the application later on.

मूडी इन्वेस्टर सर्विसेज़ का भारत की विकास दर संबंधी मूल्यांकन

180. **श्री बरजिन्दर सिंह:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अमेरिका स्थित मूडी इन्वेस्टर सर्विसेज़ ने मूल्यांकन किया है कि वर्ष 1998-99 के दौरान भारत में वार्षिक विकास दर चार प्रतिशत के आसपास होगी;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने मूडी इन्वेस्टर सर्विसेज़ की टिप्पणी पर विचार करके तथ्यों का पता लगाया है;